B.A-I Psychology Subsidiary
Teacher - A.K. Sinha
Topic - Types of Intelligence Test पृष्ठ - 7

(ख) सामूहिक वाचिक परीक्षण (Group Verbal Intelligence Test) :— चूँकि व्यक्तिगत बुद्धि परीक्षणों में व्यक्तिसंचालक में बुद्धि परीक्षण में काफी समय की बर्बादी होती है इसलिए मनोवैज्ञानिकों द्वारा यह महसूस किया गया कि कम समय में अधिक से अधिक लोगों या व्यक्तियों की बुद्धि की जाँच के लिए बुद्धि परीक्षणों का निर्माण करना चाहिए जिसके द्वारा समूह में अधिक व्यक्तियों की जाँच या परीक्षण किया जा सके। परिणाम स्वरूप अनेक सामूहिक वाचिक बुद्धि परीक्षणों का निर्माण किया गया। सभी परीक्षण इनका उपयोग प्रथम विश्वयुद्ध में सैनिकों में भरती के लिए किया गया। बाद में विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रगति ज्ञात करने के लिए सामूहिक वाचिक बुद्धि परीक्षणों का उपयोग किया जाने लगा। सामूहिक वाचिक बुद्धि परीक्षण निम्नलिखित हैं :—

(i) Army Alfa Test,
(ii) Naval General classification Test (NGCT) तथा Army General classification Test (AGCT),
(iii) Dr. Mohsin General Intelligence Test or Brightness
(iv) Dr. Singh's General Intelligence Test of Battery.
etc.

उपर्युक्त परीक्षणों के अलावे भी अनेक सामूहिक बुद्धि परीक्षणों का निर्माण किया गया, जैसे :- Otis Self Administering Test of Mental Ability (Otis SATMA), SG Test का उपयोग व्यवसाय तथा उद्योगों में योग्य व्यक्तियों के चुनाव करने के लिए किया जाता है। यह एक छोटा सा चार पृष्ठों का कागज-पेंसिल परीक्षण है। इसके लिए विशेष घंटों की भी आवश्यकता होती है। कुछ सामूहिक वाचिक बुद्धि परीक्षणों का निर्माण उच्च शिक्षा में प्रवेश लेनेवाले छात्रों की योग्यता

शेष पृष्ठ - 8 पर

संज अभिवृत्ति के आधार पर चयन के लिए किया जाता। जैसे :- Scholastic Aptitude Test (SAT) इनके अलावे भी चिकित्सा, अभियांत्रण तथा कृषि आदि से सम्बद्ध अभिवृत्ति परीक्षण भी आजकल उपलब्ध हैं जिनका उपयोग अधिकाधिक हो रहा है।

**2. क्रियात्मक बुद्धि परीक्षण (Performance Intelligence Test) :—** क्रियात्मक बुद्धि परीक्षण, वाचिक बुद्धि परीक्षण के उस दोष को दूर करता है कि वाचिक बुद्धि परीक्षणों का उपयोग केवल पढ़े-लिखे व्यक्ति पर किया जा सकता है अनपढ़ पर नहीं। क्रियात्मक बुद्धि परीक्षणों द्वारा अनपढ़ व्यक्ति के बुद्धि की जाँच तो होती है साथ ही इसके द्वारा पढ़े-लिखे या साक्षर व्यक्तियों की बुद्धि की माप की जा सकती है। इसलिए यह ज्यादा उपयोगी प्रतीत होता है। क्रियात्मक बुद्धि परीक्षणों को भी वाचिक बुद्धि परीक्षण की तरह दो निम्नांकित श्रेणियों रखा गया है। :—

(क) व्यक्तिगत क्रियात्मक बुद्धि परीक्षण तथा
(ख) सामूहिक क्रियात्मक बुद्धि परीक्षण।

(क) व्यक्तिगत क्रियात्मक बुद्धि-परीक्षण :— व्यक्तिगत क्रियात्मक बुद्धि-परीक्षणों में निम्नांकित परीक्षण प्रमुख हैं :—

(i) Pinter - Peterson Performance scale,
(ii) Alexander Performance Test of Battery, इसके Sub. Test - (a) Pass Along Test,
(b) Block Design Test,
(c) and Cube construction Test - हैं।
(iii) Porteus Maze Test
(IV) Form - Board Test
(V) Wechsler - Bellevue Test
(VI) Picture compeletion Test आदि।

शेष पृष्ठ-9 पर

अतः व्यक्तिगत क्रियात्मक परीक्षणों का, प्रयोगशाला में उपलब्ध संसाधनों यथा Screen, Stop watch, Test materials तथा प्रयोगशाला के प्रभाव के आधार पर कुछ सीमा तक सामूहिक रूप से भी उपयोग किया जा सकता है, परन्तु अधिकाधिक व्यक्तियों की बुद्धि की जाँच कम समय में इन क्रियात्मक बुद्धि परीक्षणों द्वारा नहीं किया जा सकता है।

(ख) सामूहिक क्रियात्मक बुद्धि परीक्षण :—

सामूहिक क्रियात्मक बुद्धि परीक्षण में Army Beta Test का नाम मुख्य रूप से आता है। इसका निर्माण भी प्रथम विश्वयुद्ध के बाद अनपढ़ों को सेना में भर्ती करने हेतु सामूहिक रूप से बुद्धि की जाँच के लिए किया गया। जिसके आधार पर कम समय में अधिकाधिक व्यक्तियों की बुद्धि की जाँच की जाती है। इस परीक्षण का निर्माण भी Army Alfa Test के समकालीन हुआ।

उपर्युक्त बुद्धि परीक्षणों के अलावा भी भारतवर्ष में भी कुछ प्रमुख बुद्धि परीक्षणों का निर्माण किया गया। जैसे!— 1922 में लाहौर में Herbert Rice द्वारा निर्मित Hindustani Binet Performance Point Scale (HBPPS), J. Menry का मौखिक बुद्धि परीक्षण (1927), V.V. Kamat का बुद्धि परीक्षण मराठी तथा कन्नड़ भाषा में निर्मित, Sohan Lal ने 1942 में एक बुद्धि परीक्षण का निर्माण किया, 1951 में S.S. Jalota द्वारा निर्मित बुद्धि परीक्षण, 1953 में C.M. Bhatia द्वारा निर्मित बुद्धि-परीक्षण, 1954 में S.M. Mohsin द्वारा निर्मित सामान्य शाब्दिक बुद्धि-परीक्षण 1966 में Long & Mehta द्वारा निर्मित बुद्धि परीक्षण तथा 1968 में Dr. Ram Naresh Singh द्वारा निर्मित VANART बुद्धि परीक्षणों का नाम उल्लेखनीय है।

—— ○ ——